शहीद चन्द्रशेखर आजाद को सदैव किया जाएगा याद

अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर सीएम ने अर्पित किये श्रद्धासुमन

भोपाल,27 फ़रवरी. अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आज़ाद की 95वीं पुण्य तिथि पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को उनकी जन्मस्थली आलीराजपुर जिले में चंद्रशेखर आज़ाद नगर स्थित ऐतिहासिक आज़ाद कुटिया पहुँचे.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्र के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया. अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान, सांसद अनीता चौहान, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाडे, आईजी अनुराग, कलेक्टर नीतू माथुर, पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे.

आज़ाद कुटिया पहुँचकर अमर शहीद की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

मुख्यमंत्री ने आजाद कुटिया में क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के स्वतंत्रता संग्राम में अविस्मरणीय योगदान पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया. उन्होंने आज़ाद कुटिया परिसर में ही स्थापित संग्रहालय का भी अवलोकन किया, जहां उनके जीवन, संघर्ष और क्रांतिकारी गतिविधियों से जुड़े दस्तावेज, चित्र और स्मृति चिह्न संजोए गए हैं. मुख्यमंत्री ने अमर शहीद आज़ाद की शहादत पर स्मरण कर कहा कि भारत के सभी क्रांतिकारी नायकों का स्वतंत्रता संग्राम में अतुलनीय योगदान रहा है. आज़ाद जैसे वीर क्रांतिकारी ने अनेक कठिनाइयों के बावजूद अपने अदम्य साहस और त्याग से तत्कालीन समय में स्वतंत्रता की अलख को रौशन रखा.

> मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आदिवासी अंचलों के नायकों के संघर्ष को भी याद किया और कहा कि उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध युद्ध कर स्वतंत्रता आंदोलन को मजबूत किया. इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय नायक शहीद छीतू किराड़ के बलिदान को भी नमन करते हुए उनके योगदान को स्मरण किया. आलीराजपुर जिले में 23 जुलाई 1906 को जन्मे चंद्रशेखर आजाद का प्रारंभिक जीवन तत्कालीन भाबरा वर्तमान चन्द्रशेखर आजाद नगर की पावन भूमि पर बीता. बचपन में उन्होंने भील बालकों के साथ रहकर धनुष-बाण चलाना और निशानेबाजी की शिक्षा प्राप्त की.

सोम डिस्टलरीज मामले की सुनवाई से दूसरे जज भी अलग

जबलपुर,27 फ़रवरी. मप्र हाईकोर्ट में सोम डिस्टलरीज की याचिका पर सुनवाई निर्धारित थी. जस्टिस संदीप एन भट्ट की एकलपीठ ने खुद को मामले की सुनवाई से अलग कर लिया.

जस्टिस भट्ट ने हाईकोर्ट रजिस्ट्रार को निर्देश दिया है कि मामले से जुड़ा केस किसी दूसरी कोर्ट में ट्रांसफर करें. इससे पहले जस्टिस विशाल मिश्रा ने भी मामले पर सुनवाई से इनकार कर दिया था. गौरतलब है कि हाल ही में मध्य प्रदेश सरकार ने शराब कंपनी सोम डिस्टलरीज का लाइसेंस रद्द कर दिया है. जिसको लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई. तत्कालीन आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल ने सोम डिस्टलरीज के सभी लाइसेंस निलंबित कर दिए थे. करीब 20 दिन पहले रायसेन जिले में स्थित सोम डिस्टलरीज एंड ब्रेवरीज लिमिटेड और मेसर्स सोम डिस्टलरीज प्रालि का लाइसेंस आबकारी आयुक्त ने सस्पेंड कर दिया है. तत्कालीन आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार कंपनियों के संचालक, प्रतिनिधि, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता एवं कर्मचारियों के विरुद्ध अपर सत्र न्यायालय देपालपुर जिला इंदौर के एक प्रकरण में पारित निर्णय के आधार पर कार्रवाई की गई थी.

मध्यप्रदेश में अभी से अप्रैल जैसी गर्मी

आंधी-बारिश थमते ही 35 डिग्री पार पहुंचा पारा, रातें अब भी ठंडी

भोपाल,27 फ़रवरी. मध्य प्रदेश में फरवरी के आखिरी सप्ताह में मौसम ने यू-टर्न ले लिया है. हाल ही में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि के दौर के बाद अब प्रदेश के कई हिस्सों में अप्रैल जैसी गर्मी महसूस की जा रही है.

खंडवा और खरगोन में अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि भोपाल में 32 डिग्री, इंदौर में 33.1 डिग्री, ग्वालियर में 32.6 डिग्री, उज्जैन में 33 डिग्री और जबलपुर में 31.9 डिग्री दर्ज किया गया. प्रदेश के 30 से अधिक जिलों में दिन का तापमान 30 डिग्री से ऊपर बना हुआ है. हालांकि दिन में तेज धूप और गर्मी का असर है, लेकिन रात के तापमान में अभी भी ठंडक बनी हुई है.

कटनी के करौंदी में न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री और शहडोल के कल्याणपुर में 9.4 डिग्री दर्ज किया गया. पचमढ़ी में रात का तापमान 9.8 डिग्री रहा. भोपाल में 15 डिग्री, इंदौर में 14.6 डिग्री और ग्वालियर-उज्जैन में 14.5 डिग्री तापमान दर्ज हुआ. धार में रात सबसे गर्म रही, जहां पारा 17.7 डिग्री तक पहुंचा.

फरवरी में चार बार बदला मौसम

इस बार फरवरी में मौसम ने चार बार करवट बदली. महीने की शुरुआत से लेकर 24-25 फरवरी तक अलग-अलग चरणों में ओले, तेज हवाएं और बारिश दर्ज की गईं. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 2 मार्च से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होगा, जिसका असर प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में हल्की बारिश के रूप में दिख सकता है. फिलहाल अगले कुछ दिनों तक मौसम साफ और दिन में गर्मी बढ़ने के आसार हैं.

मेडिकल कॉलेज में हो नशा मुक्ति ट्रीटमेंट फैसिलिटी : हाईकोर्ट

जबलपुर. 27 फरवरी. सम्पति संबंधित विवाद के कारण पिता को पुत्र द्वारा नशा मुक्ति केंद्र में बंधक बनाकर रखे जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी.

हाईकोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने बंधक पिता को पेश करते हुए उसकी मेडिकल रिपोर्ट पेश की. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि बंधक कई गंभीर बीमारियों से पीड़ित है. युगलपीठ ने जबलपुर मेडिकल कॉलेज में स्थित नशा मुक्ति मेडिकल ट्रीटमेंट फैसिलिटी सेंटर में रखकर उपचार के आदेश जारी किये है. जबलपुर निवासी अक्षय चौधरी की तरफ से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में कहा गया था कि दुर्गेश पटेल के पास काम करता है. उनके पुत्र रूपेश पटेल ने पिता दुर्गेश पटेल को जबरन नशा मुक्ति केंद्र में बंधक बनाकर रखा है. हाईकोर्ट के आदेश पर विगत 26 फरवरी को तिलवारा पुलिस ने वृध्द को हाईकोर्ट में पेश किया था. वृध्द ने युगलपीठ को बताया था कि वह कोई साइकोट्रोपिक सब्सटेंस नही लेते है और प्रॉपर्टी के झगड़े की वजह से उसे नशा मुक्ति केंद्र में रखा है. कोर्ट में अनावेदकों की तरफ से बताया गया कि वह भू-माफिया के प्रभाव में है जो प्रॉपर्टी पर कब्ज़ा करना चाहते हैं.

अमेरिका से ट्रेड डील में किसानों के हित सुरक्षित

शिवराज ने ग्वालियर में कहा-

नवभारत न्यूज

ग्वालियर. 27 फरवरी. ग्वालियर प्रवास पर आए केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर हमला बोला. अमेरिका से ट्रेड डील को कथित किसान विरोधी बताकर कांग्रेस द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शिवराज सिंह ने कांग्रेस की निन्दा की.

केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि यह कांग्रेस कह रही है, जो देश के लिए कुछ नहीं कर पाई है. वह सिर्फ विलाप कर रहे हैं, सच यह है कि भारत के सभी हित सुरक्षित है. किसानों के हित सुरक्षित है. यह बात एक कृषि मंत्री भी कह रहा है एक किसान भी कह रहा है, इसलिए मेरे किसान भाई निश्चिंत रहें. शिवराज सिंह दिल्ली से विमान से ग्वालियर पहुंचे. राजमाता एयर टर्मिनल पर केन्द्रीय कृषि मंत्री का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया. चौहान ने महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के शहादत दिवस पर उनको नमन करते हुए कहा कि भारत माता की स्वतंत्रता के लिए उन्होंने अपना सर्वस्व न्योछावर किया.

> श्री चौहान ने चंद्रशेखर आजाद के बारे में कहा कि वह आज भी हमारी प्रेरणा है, वे देश के लिए संपूर्ण जीवन देकर गए. हम देश के लिए यही संकल्प करें और देश के लिए जीने का मतलब यही है कि हम अपनी ड्यूटी अपना कर्तव्य जो काम हमारी तरफ तय किया गया है. उसे कैसे मेहनत से करें, ईमानदारी से करें. चौहान ने इजरायल की संसद में पहली बार भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिए गए भाषण को लेकर कहा कि कई चीजे पहली बार हो रही है. पीएम मोदी के नेतृत्व में एक वैभवशाली, गौरवशाली, विकसित भारत का निर्माण हो रहा है. यह हम नहीं कहते जमाना कहता है. भारत आगे बढ़ रहा है और उनका विश्वास है कि आज तेज गति से भारत आगे बढ़ रहा है. आज हम विश्व बंधु तो है ही, हम अपनी नहीं सोचते हम दुनिया की भी सोचते हैं.

बस अनियंत्रित होकर खेत में घुसी, 14 लोग घायल

बड़वानी. जिले के राजपुर में खंडवा-वडोदरा राजमार्ग पर शुक्रवार को एक निजी यात्री बस के अनियंत्रित होकर खेत में घुस जाने से 14 यात्री घायल हो गए. बस खंडवा से बड़वानी की ओर जा रही थी. प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी के कारण चालक द्वारा वाहन पर नियंत्रण खोने की आशंका जताई गई है. हादसे के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस ने मिलकर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला. घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है. घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर पहुंचाया गया. चिकित्सकों के मुताबिक फ्रैक्चर की आशंका के चलते नौ घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बड़वानी रेफर किया गया.

अनियमितताएं : कांग्रेस विधायकों ने की लोकायुक्त में शिकायत

विशेष संवाददाता

भोपाल,27 फ़रवरी. कांग्रेस विधायक महेश परमार ने शुक्रवार को मध्यप्रदेश लोकायुक्त कार्यालय में आबकारी विभाग से जुड़ी गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए औपचारिक शिकायत दर्ज कराई. इस दौरान उनके साथ विधायक दिनेश गुर्जर भी उपस्थित रहे.

लोकायुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में परमार ने आरोप लगाया कि आबकारी विभाग के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए सोम डिस्टिलरी को अनुचित लाभ पहुंचाया. उन्होंने कहा कि डिपालपुर न्यायालय द्वारा दोष सिद्ध किए जाने के बावजूद संबंधित डिस्टिलरी का लाइसेंस निरस्त करने में जानबूझकर देरी की गई तथा बाद में नियमों के विपरीत उसका नवीनीकरण भी कर दिया गया.

देश के भविष्य के निर्माता हैं युवा : ओम

आठवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए लोकसभा अध्यक्ष

नवभारत न्यूज़

इन्दौर,27 फ़रवरी. श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में शुरू हुआ दीक्षांत समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसके युवा हैं और वही देश के समग्र व प्रगतिशील भविष्य का निर्माण करेंगे.

देश के समग्र एवं प्रगतिशील भविष्य के निर्माण की जिम्मेदारी आज युवा ही उठा रहे हैं. भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसके युवाओं की ऊर्जा और क्षमता है. मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने प्रेरक संबोधन में युवाओं को देश की सबसे बड़ी ताकत बताया. उन्होंने कहा कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसके युवाओं की ऊर्जा, क्षमता और नवाचार है, जो राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सक्षम है. ओम बिरला ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे संस्थान राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में अध्ययन का अवसर मिला. युवाओं से उन्होंने आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा और क्षमता का उपयोग देश के विकास के लिए करें.

फुलवारी

भूल भुलैया



प्रेरक प्रसंग

वेंकैया नायडू का शुरुआती जीवन

आज हम बात कर रहे हैं एक ऐसे भारतीय राजनेता की, जिनका जन्म आज ही के दिन 1949 में हुआ था. मुप्पावरापु वेंकैया नायडू का जन्म आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले के छोटे से गाँव चवतापालेम में हुआ. उनके माता-पिता रंगैया नायडू और रामानम्मा थे. साधारण परिवार से आने वाले वेंकैया ने अपनी शिक्षा स्थानीय स्कूलों से शुरू की और बाद में आंध्र विश्वविद्यालय से विधि में डिग्री हासिल की.

एक छात्र नेता के रूप में, उन्होंने 1970 के दशक में जय आंध्र आंदोलन में हिस्सा लिया और आपातकाल के दौरान 17 महीने जेल में रहे. यह समय उनकी प्रेरक कहानी का पहला अध्याय था, जो दिखाता है कि मेहनत और हिम्मत से कुछ भी हासिल किया जा सकता है.

भारतीय राजनेता के रूप में योगदान- वेंकैया नायडू का राजनीतिक सफर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) से जुड़ने के साथ शुरू हुआ. 1978 और 1983 में वे आंध्र प्रदेश विधानसभा के लिए चुने गए. बाद में, वे 1998 में कर्नाटक से राज्यसभा के सदस्य बने और तीन बार फिर से चुने गए. उनकी वाक्पटुता और किसानों व पिछड़े क्षेत्रों के लिए काम करने की भावना ने उन्हें बीजेपी का लोकप्रिय चेहरा बनाया. 2002-2004 तक वे बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे. इसके बाद, 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार में वे शहरी विकास, आवास और सूचना प्रसारण मंत्री बने. 11 अगस्त 2017 को वे भारत के 13वें उपराष्ट्रपति बने और 2022 तक इस पद पर रहे. इस दौरान उन्होंने राज्यसभा के सभापति के रूप में संसद की गरिमा बनाए रखी. उनकी प्रेरक कहानी बताती है कि एक छोटे गाँव से शुरुआत कर भी देश की सेवा कैसे की जा सकती है.

प्रमुख उपलब्धियां- वेंकैया नायडू की उपलब्धियाँ कई हैं. स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटी मिशन और अमृत योजना जैसी योजनाओं में उनके योगदान ने भारत के शहरी ढांचे को मजबूत किया. 2024 में उन्हें पद्म विभूषण, भारत का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान, दिया गया, जो उनके सार्वजनिक जीवन के लिए था.

कविता

चिड़िया का संसार

सबसे पहले मेरे घर का,
अंडे जैसा था आकार,
तब में यही समझती थी –
बस इतना सा ही है संसार.

बस इतना सा ही है संसार.
फिर मेरा घर बना घोंसला,
सूखे तिनकों से तैयार,
तब में यही समझती थी –
बस इतना सा ही है संसार.

फिर मैं निकल गई
शाखों पर,
हरी-भरी थी जो सुकुमार,
तब में यही समझती थी –
बस इतना सा ही है संसार.

आख़िर जब मैं आसमान में,
उड़ी दूर तक पंख पसार,
तभी समझ में मेरी आया –
बहुत बड़ा यह संसार.

बूझो तो जानें

- वह क्या है जिसकी गर्दन है पर सिर नहीं ?

जवाब- बोतल

- काला घोड़ा, सफेद सवारी, एक उतरा तो दूसरे की बारी.

जवाब- तवा और रोटी

- बूझो भैया एक पहेली, जब काटो तो नई नवेली.

जवाब- पेंसिल

- एक लड़की 40 फीट ऊंची सीढ़ी से गिर गई, फिर भी उसे चोट नहीं लगी, कैसे ?

जवाब- क्योंकि वह सबसे निचले पायदान से गिरी थी.

- वह क्या है जो तुम्हारा है पर उसे तुमसे ज्यादा दूसरे लोग इस्तेमाल करते हैं ?

जवाब- तुम्हारा नाम

- क्या है जो हमेशा बढ़ती रहती है और कभी कम नहीं होती ?

जवाब- उम्र

हंसी-ठिठोली

- चीकू- तुम रात में कितने बजे सोते हो ?
  मीकु- अगर किताब उठा लूँ तो 9 बजे और अगर मोबाइल उठा लूं तो 2 बजे.
- टीचर- वाक्य को अंग्रेजी में ट्रांसलेट करो, वसंत ने मुझे मुक्का मारा.
  चिंटू- वसन्तपंचमी
- सोनू- हम लद्दाख घूमने गए थे, वहाँ जून में भी लोग गर्म पानी से नहाते हैं.
  नटखट नीटू- इसमें कौन सी बड़ी बात है, हम दिल्ली में भी जून में गर्म पानी से नहाते हैं.
  सोनू- वो कैसे ?
  नटखट नीट- दिल्ली में जून की गर्मी में टंकी का पानी इतना गर्म हो जाता है कि नल से सिर्फ गर्म पानी ही आता है.
- इलेक्ट्रिशियन- यह रेडियो ठीक है, बस मौसम खराब होने की वजह से काम नहीं कर पा रहा है.
  यामुंडा- लो 100 रुपये, और इसमें नया मौसम डाल दो !

बच्चों अपनी कहानियां, कविताएं, पेंटिंग्स, लेख, रचनाएं आदि bhopalnav@gmail.com पर मेल करें.

अंतर ढूंढो

नीचे दिये गये दोनों चित्र देखने में समान हैं लेकिन उनमें कुछ अंतर हैं जिन्हें आप ढूंढकर निकालें.



उत्तर- 1. पीछे लगे हुए पेड़ की डिजाइन, 2. बाएं वाले खरगोश के बायां पैर गायब, 3. बीच में बैठे खरगोश की आंखें बंद, 4. दाएं वाले खरगोश के कान, 5. बीच में बैठे खरगोश के कान पर सफेद धब्बे की संख्या में अंतर